


बिलासपुर-तावडू मार्ग पर बने हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम के उद्घाटन मौके पर सीएम भूपेन्द्र सिंह। ● हिन्दुस्तान (खबर पेज-22 पर)

# ट्रांसपोर्ट म्यूजियम में देखें परिवहन का इतिहास

**मेवात/गुड़गांव | हिन्दुस्तान टीम**

मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शनिवार को मेवात के तावडू खंड में बिलासपुर-तावडू मार्ग पर बने हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का उद्घाटन किया। लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में बने इस संग्रहालय में परिवहन साधनों के विकास के इतिहास को दर्शाने का प्रयास किया गया है।

हुड्डा ने संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन समय के दुर्लभ परिवहन साधनों को देखा, जिनमें लकड़ी के पहियों वाली बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, बग्घी, साइकिल, रिक्शा, पुराने स्कूटर, ट्राम का नमूना, रेलगाड़ी, हेलीकॉप्टर, एयरक्राफ्ट आदि के नमूने देखे।

हुड्डा ने कहा कि इस संग्रहालय के संस्थापक तरुण ठकराल ने बहुत ही कड़ी मेहनत और अनुसंधान के बाद परिवहन साधनों के विकास को दर्शाने वाले इस संग्रहालय का निर्माण किया है। इन्होंने संग्रहालय में परिवहन के विभिन्न नमूनों को बहुत ही आकर्षक एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। इससे विभिन्न शताब्दियों में यातायात के साधनों में आए बदलाव की उपयोगी जानकारी मिलती है। हुड्डा ने कहा कि यह देश का ऐसा पहला संग्रहालय है, जो हरियाणा में स्थापित किया गया है। हरियाणा में झज्जर में पांडुलिपियों का एक अनोखा संग्रहालय भी है।




मेवात के तावडू खंड में बिलासपुर-तावडू मार्ग पर बने हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का शनिवार को उद्घाटन के बाद समारोह को संबोधित करते सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा।

उन्होंने कहा कि हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत बहुत पुरानी है। महाभारत के समय में हमारी सभ्यता और संस्कृति बहुत विकसित थी। हम पुरानी चीजों से सीखकर भविष्य में आगे बढ़ते रहे हैं। इस संग्रहालय के निर्माण में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने आर्थिक सहयोग दिया है। हरियाणा सरकार से भी जो सहयोग मांगा गया है, वह मिला है और आगे भी मिलता रहेगा। इस अनोखे प्रयास की सफलता की कामना करते हुए भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इसे देखने के लिए देश के विभिन्न भागों से लोग आएंगे और एक दिन यह बहुत ही लोकप्रिय हो जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के परिवहन मंत्री आफताब अहमद भी मौजूद थे। उन्होंने इस प्रकार का संग्रहालय बनाने की सोच की प्रशंसा की और कहा कि सरकार इस तरह के नवीन प्रयासों में हरसंभव सहायता करेगी।

## इतिहास से होंगे रूबरू

- सीएम ने किया तावडू मार्ग पर बने ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का उद्घाटन
- परिवहन के नमूनों को आकर्षक ढंग से किया गया है प्रस्तुत

संग्रहालय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय मेवात की ही नहीं, हरियाणा के विकास की एक नई पहचान बनेगा। इसे हेरिटेज ट्रांसपोर्टेशन ट्रस्ट ने स्थापित किया है। इसका मुख्य उद्देश्य परिवहन के इतिहास की धरोहर को संभाल कर रखना और दर्शकों को विशेष रूप से बच्चों को परिवहन के साधनों के विकास के बारे में जानकारी देना है। इस अवसर पर सीएम के मीडिया सलाहकार शिव भाटिया, पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद, कांग्रेस नेता एजाज अहमद, उपायुक्त विनय सिंह यादव और पुलिस अधीक्षक अनिल धवन आदि मौजूद थे।